# सोलर उपकरण रिपेयरिंग की दुकान से लाखों का सामान चोरी

## दुकान का शटर तोड़कर चोरी की वारदात की, सीसीटीवी में कैद हुये चोर

**देवली, (निसं)।** इन दिनों शहर व आसपास के क्षेत्र में चोरी की वारदात दर वारदात होती चली जा रही है। यहां बढ़ती चोरी की वारदातों से पुलिस की सांसें भी फूली हुई है।

पुलिस चोरों को पकड़ने का प्रयास तो कर रही है परंतु शातिर चोर एक के बाद एक चोरी की वारदात को अंजाम देकर धमाल मचा रहे हैं। यहां लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस पर सवालिया निशान खडा कर दिया है। ऐसा ही फिर से एक मामला रविवार की देर रात को घटित हो गया। यहां पुलिस से बेखौफ चोरों ने सोलर एनर्जी दुकान का शटर तोड़कर लाखों का माल पार कर लिया, हालांकि चोरी की इस वारदात में लिप्त चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब तीन बजे कोटा रोड स्थित होटल राजभवर की बगल में सोलर एनर्जी की दुकान में चोरी की वारदात घटित हुई है। यह दुकान सोहनलाल माली निवासी पनवाड की है। इस घटना को लेकर पीड़ित ने बताया कि रविवार रात करीब तीन बजे मारुति ईको में सवार होकर चार चोर आए। जिन्होंने दुकान का शटर मोड़ दिया तथा भीतर घुसकर दुकान में रखे सोलर मोटर आदि की मरम्मत में काम आने वाले कॉपर वायर के कई बंडल चुराकर अपने साथ में लाए वाहन मारुति ईको में भरकर ले गए। यह सारी घटना सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर कैद हो गई।

चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई।

- चोरों ने सोलर मरम्मत की दुकान से 300 किलो से अधिक कॉपर वायर चुराया

पीड़ित के अनुसार चोरों ने सोलर मरम्मत की दुकान से 300 किलो से अधिक कॉपर वायर चुराया है, जिसकी कीमत लाखों रुपए में बताई गई है। यहां हुई चोरी की घटना की सूचना पर देवली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वारदात की जानकारी जुटाई। वहीं सोहनलाल माली ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवा दी है। इसी के साथ पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

# लापता हैड कांस्टेबल को पुलिस ने उज्जैन से दस्तयाब किया

## गत 23 जुलाई की शाम को लापता हो गया था हैड कांस्टेबल रामचरण

**बूंदी, (निसं)।** गत 23 जुलाई की शाम को शहर की इंद्रा कॉलोनी से लापता हुए हैड कांस्टेबल रामचरण धाकड़ को बूंदी की सदर थाना थाना पुलिस ने मध्यप्रदेश के उज्जैन से दस्तयाब किया है। रविवार देर रात पुलिस हैड कांस्टेबल को लेकर बूंदी पहुंची। फिलहाल पुलिस द्वारा हैड कांस्टेबल से पूछताछ की जा रही है। हैड कांस्टेबल के मिलने के बाद पुलिस और परिजनों ने राहत की सांस ली है। दरअसल, हैड कांस्टेबल गेण्डोली थाने में तैनात हैं और वह 16 जुलाई से थाने में गैरहाजिर चल रहा था।

**हैड कांस्टेबल के पास नहीं था मोबाइल :-** मामले की जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा ने बताया कि लापता हैड कांस्टेबल को उज्जैन से दस्तयाब कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस के लिए इसे ढूंढ़ना मुश्किल था, क्योंकि हैड कांस्टेबल के पास मोबाइल भी नहीं था। वह मोबाइल को घर पर ही छोड़ गया, लेकिन बैंक का एटीएम ले गया। जब हैड कांस्टेबल के पास पैसे खत्म हुए तो एटीएम से उसने पैसे निकाले। जैसे ही पांच हजार रुपए निकालने के मैसेज आया पुलिस ने कस्टमर केयर से जानकारी ली तो रुपए मध्यप्रदेश के उज्जैन से निकालने की बात सामने आई थी। इसके बाद उज्जैन पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर पुलिस की एक टीम उज्जैन के लिए रवाना की।

- हैड कांस्टेबल को लेकर बूंदी पहुंची पुलिस, उससे पूछताछ की जा रही है
- हैड कांस्टेबल गेण्डोली थाने में तैनात हैं और 16 जुलाई से गैरहाजिर चल रहा था

**रेलवे स्टेशन पर मिला :-**सदर थानाधिकारी ने बताया कि बूंदी पुलिस की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से उज्जैन में हैड कांस्टेबल को चप्पे-चप्पे पर तलाश किया। करीब 5 से 8 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे उज्जैन के रेलवे स्टेशन से दस्तयाब किया है। इसके बाद उसे उज्जैन थाने ले गई। फिर पुलिस की टीम उसे देर रात बूंदी लेकर पहुंची। जहां उसके बयान दर्ज किया जा रहे हैं।

**एसपी ने मामले को लिया गंभीर :-** हैड कांस्टेबल रामचरण गेण्डोली थाने में तैनात है और वह 23 जुलाई को अचानक घर से लापता हो गया था। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया। इसके बाद एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने इस मामले को गंभीरता से लिया और सदर थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा को इसकी जिम्मेदारी दी। थानाधिकारी ने टीम का गठन कर शहर और आसपास के तमाम सीसीटीवी फुटेज निकाले, तकनीकी माध्यम से जानकारी जुटाई। पुलिस टीम ने कई स्थानों को भी सर्च किया, लेकिन पुलिस प्रयास में लगी रही। आखिर पांच दिन बाद सफलता मिल ही गई। उधर जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा का कहना है कि इस तरह से स्वयं लापता होने से पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। कोई बात थी तो हमें बताया होता। इस तरह की घटनाओं से पुलिस की छवि खराब होती है।

# घायल दो महिलाओं को दो घंटे तक नहीं मिला इलाज

## खेतड़ी उप जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं को लेकर परिजनों ने हंगामा किया

अस्पताल में घायल के परिजनों व चिकित्सक में नोकझोंक हुई।

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में सोमवार को मारपीट में घायल दो महिलाओं को उपचार नहीं मिलने पर परिजनों ने हंगामा कर दिया। इस दौरान परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार नानुवाली बावड़ी के ढाणी अमली वाली में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान कुल्हाड़ी की चोट लगने पर सरीता देवी व कैलाशी देवी को उपचार के लिए उप जिला अस्पताल में लाया गया। इस दौरान जब वे डॉ. मोतीलाल रावत के पास गई तो डॉक्टर ने उसे कमरा नंबर आठ में दिखाने के लिए कह दिया। इसके बाद आठ नंबर कमरे में गए तो वहां बैठने वाले डॉक्टर कमरे के ताला लगाकर चले गए थे। इसके बाद दोबारा डॉ. मोतीलाल रावत के पास गए तो एक्स-रे करवाया गया। जब परिजनों ने हालत गंभीर होने पर भर्ती करने के लिए कहा तो एक्स-रे आने के बाद भर्ती करने के लिए कहा। इस दौरान दोनों घायल महिलाओं को दो घंटे तक बैठाया रखा, जिसके चलते दर्द में तड़फती रही। करीब दो घंटे तक उपचार नहीं किए जाने पर परिजन आक्रोशित हो गए तथा डॉ. मोतीलाल रावत के कमरे में हंगामा कर दिया।

- परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की मांग की
- साझेदारी की जमीन में पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी

अस्पताल में तेज शोर शराबा होने पर काफी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। इसके बाद डॉक्टर ने मामला बिगड़ता देख आनन फानन में उन्हें भर्ती कर लिया, लेकिन जब वह वार्ड में पहुंचे तो उन्हें वार्ड में कोई बैड खाली नहीं मिलने पर घायल महिलाओं व परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके बाद जब महिला के परिजनों ने एसडीएम के पास जाने के लिए कहा तो एक बैड पर दो मरीजों को लिटाकर मारपीट में घायल दोनों महिलाओं को भर्ती कर उपचार किया गया। परिजनों ने बताया कि अस्पताल में प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण अव्यवस्थाएं बनी हुई है। अस्पताल में व्यवस्था के सुधार करने को लेकर ग्रामीणों की ओर से पूर्व में भी धरना प्रदर्शन किए जा चुके हैं। इसके बावजूद भी चिकित्सा विभाग व प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**यह था मामला :-** नानुवाली बावड़ी पंचायत की ढाणी अमली वाली में साझेदारी की जमीन में पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इस दौरान कुल्हाड़ी से मारपीट में सरीता देवी, कैलाशी देवी, सुमन देवी व कृष्णा देवी घायल हो गई थी। इस दौरान घायलों को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में लाया गया, जहां डॉक्टर की लापरवाही के चलते उन्हें उपचार नहीं मिल पाया तथा उन्हें उपचार के लिए दो घंटे इंतजार करना पड़ा।

डॉ. अक्षय कुमार शर्मा, पीएमओ उप जिला अस्पताल खेतड़ी का कहना है कि मारपीट के मामले में तीन मरीज आए थे, जिनका आते ही प्राथमिक उपचार किया गया था। उनका मुकदमा दर्ज नहीं हो पाया था। मरीजों को भर्ती कर लिया गया है तथा उपचार किया जा रहा है।

# ग्राहक बनकर आये युवक ने सुनार को लूटने का प्रयास किया

## दुकानदार के आक्रामक होने से लुटेरा अपनी चप्पलें छोड़कर भाग गया

**बोरावड़, (निसं)।** नया बाजार स्थित एक सुनार की दुकान पर ग्राहक बनकर आये युवक ने दिनदहाड़े सुनार को लूटने का प्रयास किया, लेकिन दुकानदार ने ग्राहक के व्यवहार से स्थिति को भांप लिया और दुकानदार के सजग व आक्रामक होने से लूटेरा अपनी चप्पलें छोड़कर पैदल ही भाग गया। सोनी की सजगता से लूटेरा लूटने में नाकामयाब रहा। दुकानदार हल्ला करने से लोग समझ पाते, युवक तेज भागकर बाइक सवार साथी के साथ भाग गया।

जानकारी के अनुसार नया बाजार स्थित किरण ज्वैलर्स के मालिक राधेश्याम सोनी रोजाना की तरह अपनी दुकान पर बैठे थे कि दोपहर 12.15 बजे बाइक सवार दो युवकों में से एक उतरकर सुनार की दुकान पर ताबिज लेने के बहाने दुकान पर आया। ताबिज दिखाने के बाद स्वर्णाभुषण दिखाने को कहा। आभूषण दिखाने के दौरान ग्राहक बनकर आये युवक ने एक ही मिनट मे दो से तीन बार गहनों पर झपट्टा मारा। सोनी ने स्थित भांपते हुए युवक को झटक दिया, जिससे लुटेरा भरे बाजार पकड़े जाने के डर से अपनी चप्पलें वहीं छोड़ कर पैदल ही बैंक की तरफ भागा। हालांकि दुकानदार द्वारा हल्ला करने पर वहां खड़े लोग पीछे भागे। तब तक बैंक के पास इंतजार कर रहे हेलमेट पहने साथी के साथ लाल रंग की सीडी डीलक्स बाइक पर तेजी से फरार हो गये। दिनदाहाड़े अचानक हुई घटना से बाजार में हड़कंप मच गया। वहीं चोर लुटेरों के बुलंद हौसलों के आगे पुलिस पस्त है।

## रियां राधानी ने विश्व रिकॉर्ड बनाया

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर की बेटी रियां राधानी द्वारा इस्कान के संत स्वामी जयपताका की प्रेरणा से निरन्तर श्रीमद्भागवत गीता का 21 घंटों तक निरन्तर 30 हजार शब्दों की कविता रचने पर वर्ल्ड हार्वर्ड रिकॉर्ड के विश्व रिकार्ड कायम करने वालों में नाम दर्ज किया जाकर प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जा चुका है।

निरन्तर अध्ययन करने और उसके पश्चात गीता के 18 अध्यायो की ही तर्ज पर जीत के 18 अध्यायों की 120 पृष्ठ की पुस्तक का सम्पादन व प्रकाशन करने वाली रियां राधानी का अजमेर के प्रमुख सिन्धी मुखियों द्वारा आयोजित सिन्धी समाज के कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं सिन्धी समाज के प्रमुख सुरेश सिन्धी, पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के महासचिव रमेश लालवानी, सिन्धू ज्योति सेवा समिति के अध्यक्ष मंधाराम भिरयानी, तेजभान आसवानी, अजयमेरू सेवा समिति के किशोर विधानी और राजू जोघानी ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपनी आध्यात्मिक पुस्तक जीत के 18 अध्याय की प्रतिलिपि अतिथियों को भेंट की।

# अज्ञात वाहन ने नवदंपति को टक्कर मारी, पति की मौत, पत्नी घायल

**मकराना, (निसं)।** उपखंड के आसरवा गांव में रविवार रात नवविवाहित दंपति पैदल अपने घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी, जिससे पति गंभीर रूप से घायल हो गया और पत्नी भी चोटिल हो गई। लोगों की सहायता से घायल युवक को मकराना के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक देवाराम को मृत घोषित कर दिया। दंपति बनबागरिया घुमक्कड़ जाति से है।

पुलिस ने बताया कि नगवाड़ा खुर्द निवासी देवाराम (21) पुत्र मोहनाराम बनबागरिया रविवार रात्रि को अपनी पत्नी के साथ बुडसु रोड से नागवाड़ा अपने घर की ओर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में आसरवा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर से देवाराम के सिर, पैर और पेट में चोटें आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं उसकी पत्नी के सिर, पैर और शरीर पर चोटें आईं। लोगों ने युवक को मकराना के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। युवती को मामूली चोटें होने के कारण उसे घर ले जाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और शव को मॉर्च्यूरी में रखवाया। सोमवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक के पिता ने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि उनका बेटा और पुत्रवधु रात में घर जा रहे थे, जब रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनके पुत्र की मौत हो गई। थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक देवाराम की बीस दिन पूर्व ही चंदा के साथ शादी हुई थी। उसके पिता ने बताया कि दोनों शादी से काफी खुश थे।

सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और शव को मॉर्च्यूरी में रखवाया।

# मांगों को लेकर रोडवेज कर्मियों का कार्य बहिष्कार

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान परिवहन निगम केन्द्रीय कार्यशाला माखुपुरा में कार्यरत रोडवेज कर्मचारियों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। पिछले कई माह से रोडवेज कर्मचारियों को समय पर वेतन व पेंशन नहीं मिलने नाराज कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया और मुख्य उत्पादन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर वेतन व पेंशन का भुगतान शीघ्र दिलाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ तो कर्मचारी टूल डाउन हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी जिम्मेदार शासन व प्रशासन की होगी।

राजस्थान परिवहन निगम केन्द्रीय कार्यशाला माखुपुरा के कर्मचारियों ने मुख्य उत्पादन प्रबंधन को दिए ज्ञापन में बताया कि कार्यरत व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पिछले कई माह से समय पर वेतन व पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति दयनीय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बैंक लोन की किश्त, बच्चों की स्कूल की फीस, एलआईसी किश्त सहित अन्य वस्तुओं की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि बैंकों को भारी पेनल्टीयां चुकानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कई बार ज्ञापन दिए गए हैं, लेकिन आज दिनांक तक कोई भी सकारात्मक रुख नहीं अपनाया गया है।

कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि आज सभी कर्मचारी कार्य पर रहते हुए कार्य बहिष्कार किया है। यदि वेतन व पेंशन समय पर प्रदान नहीं किया गया तो मजबूरन कर्मचरी टूल डाउन हड़ताल पर उतर जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में अमित श्रीवास्तव, अभिषेक, हिम्मत सिंह, राकेश कुमार, विक्रम सिंह, पुखराज, महेंद्र सिंह, जय सिंह, बिशन सिंह, लालचंद, संजय सोनी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** गांव डोकवा के पास बस स्टैंड से पैदल जा रहे एक युवक की एक मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दी, गंभीर चोट लगने के कारण युवक की मौत हो गई। मृतक युवक अपने माता पिता की इकलौती संतान था। सोमवार को दर्ज मामले में थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझड़िया ने बताया कि जुगल किशोर धाणक निवासी भामासी ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसका चचेरा भाई पारस हमेशा की तरह सादुलपुर में मजदूरी करने गया था। शाम को मजदूरी कर वापस बस से उतरकर बस स्टैंड डोकवा से पैदल-पैदल गांव की तरफ आ रहा था। तभी गांव के कृष्ण कुमार के घर के पास शाम को करीब सात बजे पहुंचा, तो पीछे से मोटरसाइकिल चालक महेश ने उसके भाई को टक्कर मार दी, जिसके कारण उसके भाई को गंभीर चोटें लगी। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे तथा उसके भाई को उपचार के लिए वाहन से हिसार के लिए रवाना हुए, लेकिन हिसार पहुंचने से पहले ही उसके भाई पारस की दुर्घटना में आई चोटों के कारण मौत हो गई।

# बाघों का संरक्षण हमारा सामूहिक दायित्व : कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव

## अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर ''बाघों को बचाएं'' थीम पर बाघ संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर आमजन में बाघ संरक्षण के लिए जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से ''बाघों को बचाएं'' थीम पर बाघ संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव के मुख्य आतिथ्य में रणथम्भौर नेशनल रिसोर्ट में हुआ।

जिला कलेक्टर ने कहा कि वन एवं वन्य जीव धरती पर प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। मानव, पर्यावरण और वन्यजीव एक-दूसरे के पूरक हैं। बदलते परिवेश में हमें वन्यजीवों के संरक्षण और जैव विविधता के लिए अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। बाघों का संरक्षण हमारा सामूहिक दायित्व है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में रणथंभौर नेशनल पार्क से प्रारंभ हुए कुल्हाड़ी बंद पंचायत अभियान की सराहना के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निश्चित ही सभी पर्यावरणविदों को प्रकृति प्रेमियों में नवीन उत्साह एवं ऊर्जा का संचार करेगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के फलस्वरूप क्षेत्र के वन पुनः हरित हो रहे हैं।

बाघ संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

साथ ही बाघों के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हो रहा है। उन्होंने रणथम्भौर टाईगर रिजर्व में पर्यावरण एवं बाघ संरक्षण के लिए मिशन बीट प्लास्टिक एवं पथिक लोक सेवा समिति के कार्यो की सराहना की। उन्होंने मानसून के दौरन अधिक से अधिक पौधारोपण कर अपने आस पास के क्षेत्र को हरा-भरा कर पर्यावरण संरक्षण करने की अपील की। उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक प्रथम रणथम्भौर बाघ परियोजना डॉ. रामानन्द भाकर ने कहा कि बाघ सवाई माधोपुर में रहने वाले हजारों लोगों की आजीविका का माध्यम है। हम सभी इनके संरक्षण के लिए आगे आएं।

इस अवसर पर वन्य जीव विशेषज्ञ धर्मेंद्र खांडल, टाईगर प्रोजेक्ट से जुड़े हरिमोहन मीना ने बाघ संरक्षण के क्षेत्र में समय-समय पर किए गए प्रयासों, वन्यजीव सुरक्षा एवं सरंक्षण के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस दौरान वन विभाग द्वारा प्लास्टिक मुक्त रणथम्भौर के उद्देश्य से राजीविका समूह की महिलाओं निर्मित कपड़े के थैलों का वितरण कर सभी को वन्यजीव एवं प्रकृति के संरक्षण संवर्धन की दिशा में प्रेरित करने का संदेश दिया गया। संगोष्ठी के उपरांत उपस्थित सभी को रणथम्भौर टाईगर रिजर्व का भ्रमण करवाकर बाघ संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, सहायक निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह, प्रशिक्षु उप वन संरक्षक तेजस पाटिल, सहायक वन संरक्षक अरूण शर्मा, डीसीएफ लाखन सिंह, पशु चिकित्सक डॉ. सी.पी. मीना, मिशन बीट प्लास्टिक के रूपसिंह मीना, शिक्षक, वकील, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधी पर्यावरणविद उपस्थित रहे।

- 'सवाई माधोपुर में रहने वाले हजारों लोगों की आजीविका का माध्यम है बाघ '